संख्या–cm-250
12/05/2020

मुख्यमंत्री ने की कोविड–19 महामारी के प्रभावी नियंत्रण, निगरानी एवं रोकथाम के लिए उच्चस्तरीय समीक्षा, मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश

- 7 दिनों के अन्दर अन्य राज्यों से बिहार आने वाले बिहार के इच्छुक लोगों को वापस लाने के लिये अन्य राज्यों के साथ समन्वय स्थापित कर तुरंत कार्रवाई की जाय

- नजदीक के राज्यों से जो प्रवासी मजदूर बिहार आना चाहते हैं, उन्हें बसों से लाने की भी व्यवस्था रहे, इसके लिये आवश्यक समन्वय स्थापित कर बसों से लाने की कार्रवाई शुरू की जाय

- अब रैंडम जॉच से काम नहीं चलेगा, अधिकाधिक टेस्टिंग करें तथा टेस्टिंग कैपिसिटी प्रतिदिन कम से कम 10 हजार तक शीघ्र बढ़ायी जाय, इसके लिये सभी आवश्यक कदम उठाये जायें

- ऑक्सीजन सप्लाई, पल्स ऑक्सीमीटर एवं अन्य चिकित्सकीय सुविधाओं के साथ आइसोलेशन बेड की संख्या शीघ्र बढ़ायी जाय। हेल्थ क्वारंटाइन सेंटर की भी संख्या बढ़ायें और पर्याप्त बेड तैयार रखें

- अन्य बीमारियों के इलाज के लिये अस्पतालों में ओ0पी0डी0 व्यवस्था दुरूस्त रखें, निजी अस्पताल भी सामान्य रूप से चलें ताकि अन्य बीमारियों के इलाज में मरीजों को कठिनाई न हो

- स्किल मैपिंग के अनुसार रोजगार सृजन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय, इसके लिये राज्य में संचालित इकाईयों में श्रमिकों को उनके स्किल के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराया जा सकता है। साथ ही स्किल मैपिंग के अनुरूप निर्माण इकाईयों की स्थापना की दिशा में भी समुचित कार्रवाई की जाय

- नये राशन कार्ड बनाने के संबंध में तेजी लायी जाय, इसमें विलंब नहीं हो ताकि जरूरतमंदों को शीघ्र मदद की जा सके

- फसल क्षति के लिये कृषि इनपुट अनुदान के वितरण में और तेजी लायी जाय

पटना, 12 मई 2020 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कोविड—19 महामारी के प्रभावी नियंत्रण, निगरानी, रोकथाम एवं लोगों को दी जा रही राहत के संबंध में उच्चस्तरीय समीक्षा की।

समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि 7 दिनों के अन्दर अन्य राज्यों से बिहार आने वाले बिहार के इच्छुक लोगों को वापस लाने के लिये अन्य राज्यों के साथ समन्वय स्थापित कर तुरंत कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि नजदीक के राज्यों से जो प्रवासी मजदूर बिहार आना चाहते हैं, उन्हें बसों से लाने की भी व्यवस्था रहे, इसके लिये आवश्यक समन्वय स्थापित कर बसों से लाने की कार्रवाई शुरू की जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये अब रैंडम जॉच से काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि अधिकाधिक टेस्टिंग करें तथा टेस्टिंग कैपिसिटी प्रतिदिन कम से कम 10 हजार तक शीघ्र बढ़ायी जाय और इसके लिये सभी आवश्यक कदम उठाये जायें। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन सप्लाई, पल्स ऑक्सीमीटर एवं अन्य चिकित्सकीय सुविधाओं के साथ आइसोलेशन बेड की संख्या भी शीघ्र बढ़ायी जाय। उन्होंने हेल्थ क्वारंटाइन सेंटर की भी संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया और कहा कि हेल्थ क्वारंटाइन सेंटर में पर्याप्त संख्या में बेड तैयार रखें। उन्होंने कहा कि अन्य बीमारियों के इलाज के लिये अस्पतालों में ओ0पी0डी0 व्यवस्था दुरूस्त रखें। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाय कि निजी अस्पताल भी सामान्य रूप से चलें ताकि अन्य बीमारियों के इलाज में मरीजों को कठिनाई न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिकों के स्किल सर्वे से जो सूचना प्राप्त हो रही है, उसके आधार पर वर्तमान में राज्य में कार्यरत औद्योगिक इकाईयों के साथ मैपिंग कर श्रमिकों को रोजगार दिलाने की व्यवस्था की जाय। उद्योग विभाग इस दिशा में तेजी से कार्य करे। साथ ही स्किल मैपिंग के अनुरूप निर्माण इकाईयों की स्थापना की दिशा में भी उद्योग विभाग समुचित कार्रवाई करे ताकि श्रमिकों को यहीं पर स्थायी रूप से रोजगार उपलब्ध कराया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नये राशन कार्ड बनाने के संबंध में तेजी लायी जाय, इसमें विलंब नहीं हो ताकि जरूरतमंदों को शीघ्र मदद की जा सके। उन्होंने कहा कि यह बहुत जरूरी है ताकि इसका लाभ उनको हमेशा मिलता रहे।

मुख्यमंत्री ने किसानों को फसल क्षति के लिये कृषि इनपुट अनुदान के वितरण में तेजी लाने का निर्देश दिया ताकि किसानों को समय पर इसका लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग यदि सोशल डिस्टेंसिंग का पालन ठीक से करेंगे तो अपने आपको, अपने परिवार को एवं समाज को इस बड़ी विपत्ति से बचा पायेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि आप सभी लोग सचेत एवं सतर्क रहेंगे, तभी स्वस्थ रहेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि सभी लोगों के सहयोग से हम सब इस महामारी पर विजय प्राप्त करने में सफल होंगे।

******